हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

ग्यारहवां सत्र

समाचार भाग-1

संख्याः 98

मंगलवार, 1 मार्च, 2016/11 फाल्गुन, 1937(शक्)

सदन की कार्यवाही का संक्षिप्त अभिलेख

<u>समय : 11.00 बजे (पूर्वाह्न)</u>

सदन की बैठक माननीय अध्यक्ष, श्री बृज बिहारी लाल बुटेल की अध्यक्षता में आरम्भ हुई ।

बैठक प्रारम्भ होते ही श्री हंस राज, सदस्य ने व्यवस्था का प्रश्न उठाते हुए कहा कि पिछले कल हमने नियम-67 के अन्तर्गत कार्य स्थगन प्रस्ताव का नोटिस दिया था जो माननीय विधायकों को न्यू मैट्रोपोल के ऊपर मालरोड पर गाड़ियों को खड़ा करने के लिए पार्किंग के न होने तथा माननीय उच्च न्यायालय के नए आदेशों के फलस्वरूप इस क्षेत्र में तथा दूसरे प्रतिबन्धित क्षेत्रों में उन के वाहनों के किए जा रहे चालानों के बारे में है। इस नई पैदा हुई स्थिति के कारण माननीय विधायकों को अपने कार्य के निष्पादन हेतु बहुत ज़्यादा परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सदन का सारा कार्य रोक कर सर्वप्रथम इस विषय पर चर्चा करवाई जानी चाहिए।

इस पर तुरन्त हस्तक्षेप करते हुए माननीय मुख्य मन्त्री ने यह कहते हुए आश्वासन दिया कि विधायिका एक कॉन्स्टीटयूशनल बॉडी है तथा अपना एक विशेष स्थान रखती है। माननीय विधायकों के विशेषाधिकार और मान-सम्मान के बारे में कोई छेड़-छाड़ हो, यह सही बात नहीं है। हिमाचल सरकार इस बारे में हो रही उनकी तकलीफों को दूर करने के लिए तुरन्त कार्रवाई करेगी तथा मैट्रोपोल, विधायक सदन के ऊपर सड़क पर उनके वाहनों को खड़ा करने के लिए आज ही यलो-लाईन लगा दी जाएगी।

11.25 AM

1. प्रश्नोत्तरः

(i) तारांकित प्रश्नः

स्थगित तारांकित प्रश्न संख्या 2298, 2484 तथा तारांकित प्रश्न संख्या 2637 से 2640 तक के उत्तरों पर प्रश्न पूछे गए तथा संबंधित मंत्रियों द्वारा उनके उत्तर दिए गए। तारांकित प्रश्न संख्या 2641 से 2667 तक के उत्तर संबंधित मंत्रियों द्वारा दिए गए समझे गए।

(ii) अतारांकित प्रश्नः

अतारांकित प्रश्न संख्या 1162 से 1172 तक के उत्तर सभा पटल पर रखे गए।

12.00 PM

2. सदन की समिति के प्रतिवेदनः

श्री खूब राम, सभापति, कल्याण समिति (वर्ष 2015-16) ने समिति का 23वां कार्रवाई प्रतिवेदन (बारहवीं विधान सभा) जोकि समिति के **चतुर्थ मूल प्रतिवेदन** (बारहवीं विधान सभा)(वर्ष 2013-14) में अन्तर्विष्ट सिफारिशों पर आधारित तथा **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग** से सम्बन्धित है की प्रति सभा में उपस्थापित की तथा सदन के पटल पर रखी।

12-03 PM

3. नियम-62 के अन्तर्गत ध्यानाकर्षण प्रस्तावः

श्री सुरेश कुमार ने निम्न ध्यानाकर्षण प्रस्ताव प्रस्तुत किया एवं चर्चा की :

"दिनांक 25 फरवरी, 2016 को पच्छाद विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत चम्बीधार में हुई बस दुर्धटना" से उत्पन्न स्थिति"

माननीय खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री ने उत्तर दिया।

4. **<u>विधायी कार्यः</u>**

सरकारी विधेयकों पर विचार-विमर्श एवं पारण

(i) **माननीय मुख्य मंत्री** ने प्रस्ताव किया कि हिमाचल प्रदेश अधीनस्थ न्यायालय कर्मचारी (वेतन, भत्ते और सेवा की अन्य शर्तें) द्वितीय संशोधन विधेयक, 2015 (2015 का विधेयक संख्यांक 22) पर विचार किया जाए।

बिल पर खण्डशः विचार हुआ।
खण्ड 2 और 3 विधेयक का अंग बने।
खण्ड 1, संक्षिप्त नाम और विधायी सूत्र विधेयक का अंग बने।

माननीय मुख्य मंत्री ने यह भी प्रस्ताव किया कि हिमाचल प्रदेश अधीनस्थ न्यायालय कर्मचारी (वेतन, भत्ते और सेवा की अन्य शर्तें) द्वितीय संशोधन विधेयक, 2015 (2015 का विधेयक संख्यांक 22) को पारित किया जाए।

प्रस्ताव स्वीकार।

हिमाचल प्रदेश अधीनस्थ न्यायालय कर्मचारी (वेतन, भत्ते और सेवा की अन्य शर्तें) द्वितीय संशोधन विधेयक, 2015 (2015 का विधेयक संख्यांक 22) पारित हुआ।

(ii) **माननीय मुख्य मंत्री** ने प्रस्ताव किया कि हिमाचल प्रदेश आकाशी रज्जु मार्ग (संशोधन) विधेयक, 2015 (2015 का विधेयक संख्यांक 23) पर विचार किया जाए।

बिल पर खण्डशः विचार हुआ।
खण्ड 2 से 8 तक विधेयक का अंग बने।
खण्ड 1, संक्षिप्त नाम और विधायी सूत्र विधेयक का अंग बने।

माननीय मुख्य मंत्री ने यह भी प्रस्ताव किया कि हिमाचल प्रदेश आकाशी रज्जु मार्ग (संशोधन) विधेयक, 2015 (2015 का विधेयक संख्यांक 23) को पारित किया जाए।

प्रस्ताव स्वीकार।

हिमाचल प्रदेश आकाशी रज्जु मार्ग (संशोधन) विधेयक, 2015 (2015 का विधेयक संख्यांक 23) पारित हुआ।

5. राज्यपाल महोदय के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव का अनुसमर्थन तथा चर्चाः

श्री अजय महाजन, सदस्य ने दिनांक 25 फरवरी, 2016 को जगजीवन पाल, सदस्य द्वारा प्रस्तुत निम्न धन्यवाद प्रस्ताव का अनुसमर्थन किया तथा उस पर आगे चर्चा की :-

"इस सदन में एकत्रित सदस्य, महामहिम राज्यपाल महोदय का, दिनांक 25 फरवरी, 2016 को उन्हें सम्बोधित करने के लिए, हृदय से आभार प्रकट करते हैं।"

(अपराह्न 12.45 बजे सदन की बैठक दोपहर के भोजनावकाश के लिए अपराह्न 2.00 बजे तक स्थगित हुई)।

(अपराह्न 2.00 बजे सदन की बैठक माननीय अध्यक्ष श्री बृज बिहारी लाल बुटेल की अध्यक्षता में पुनः आरम्भ हुई)।

राज्यपाल महोदय के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर आगे चर्चा ज़ारी :-

i. प्रो0 प्रेम कुमार धूमल, नेता प्रतिपक्ष
ii. श्री कुलदीप कुमार
iii. श्री महेश्वर सिंह
iv. श्री बलदेव सिंह तोमर
v. श्री सोहन लाल, मुख्य संसदीय सचिव
vi. श्री इन्द्र सिंह
vii. श्री रवि ठाकुर

(सांय 5.00 बजे सदन की बैठक सांय 5.30 बजे तक बढ़ाई गई)

viii. श्री हंस राज
ix. श्री किशोरी लाल

(सांय 5.30 बजे सदन की बैठक बुधवार, 2 मार्च, 2016 के पूर्वाह्न 11.00 बजे तक स्थगित हुई)